एम्स के साथ मिलकर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेगा आईआईएम, ऑनलाइन मिलेगी डिग्री

- नए सत्र से एचआर मैनेजमेंट में आनॅलाइन पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम और मास्टर इन हेल्थ मैनेजमेंट की पढ़ाई
- दो वर्ष में पूर्ण होगी उपाधि, एक हजार घंटों की लगेगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईआईएम अब एम्स के साथ मिलकर छात्रों के लिए नए कोर्स प्रारंभ कर रहा है। एम्स के साथ मिलकर छात्रों को हेल्थ मैनेजमेंट के गुर आईआईएम सिखाएगा। इसके लिए ओएमयू पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं।

मास्टर इन हेल्थ मैनेजमेंट के अलावा नए शैक्षणिक सत्र से आईआईएम में ऑनलाइन एचआर मैनेजमेंट में आनॅलाइन पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम की पढ़ाई भी होगी। इसकी कक्षाएं ऑनलाइन होंगी। ऑनलाइन कक्षाओं के साथ ही छात्रों के लिए 10 दिनों की ऑफलाइन कक्षाएं भी लगेंगी। कैंपस के अनुभव के लिए यह व्यवस्था की गई है। कामकाजी व्यक्तियों के अलावा ऐसे छात्र जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, उन्हें भी इस कोर्स में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अंतर्गत छात्रों को लाइव लेक्चर में उपस्थित होना होगा। केस स्टडी के माध्यम से उन्हें क्षेत्र संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। मैनेजमेंट के सभी पहलुओं को इस पाठ्यक्रम में शामिल करने की कोशिश की गई है। असाइनमेंट और प्रोजेक्ट भी छात्रों को दिए जाएंगे। संबंधित क्षेत्रों से जुड़े लोगों के अनुभव भी छात्रों से साझा किए जाएंगे।

अलग खबर

कामकाजी कर सकेंगे आवेदन

एचआर मैनेजमेंट में आनॅलाइन पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम उनके लिए प्रारंभ किया जा रहा है, जो कामकाजी हैं और अपना मैनेजमेंट स्किल बेहतर करना चाहते हैं। कामकाजी होने के कारण उन्हें नियमित कक्षाएं अटैंड करने में दिक्कतें होती हैं, इसलिए ऑनलाइन मोड में उनके लिए यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कामकाजी व्यक्तियों के अनुसार ही इस पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है। इसके लिए प्रवेश प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। दो साल में यह उपाधि पूर्ण करनी होगी। इसमें एक हजार घंटे की कक्षाएं लगेंगी। वहीं हेल्थ मैनेजमेंट का कोर्स आईआईएम और एम्स मिलकर प्रारंभ कर रहे हैं।

Haribhoomi, 01st May, 2023 , P.02.(Raipur bhoomi)